राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से आसाम के बच्चे मिलें

राष्ट्रीय एकता का एहसास कराता है भ्रमण

— राज्यपाल

जयपुर, 27 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में आसाम के छात्रों ने मुलाकात की। भारतीय सेना के आपरेशन सद्भावना के तहत आये छात्रों से राज्यपाल श्री मिश्र ने परिचय लिया। राज्यपाल ने सभी छात्रों को स्वेटर भेंट किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सद्भावना के तहत दूर–दराज के विद्यार्थियों को अध्ययन भ्रमण कराने वाला कार्यक्रम प्रंशसनीय है। यह भ्रमण राष्ट्रीय एकता का एहसास कराता है। उन्होंने कहा कि हम सब एक है। स्थान – स्थान पर खान – पान, रहन – सहन में विभिन्नता हो सकती है लेकिन भारत के सभी लोग एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भ्रमण से हमें भौगोलिक ज्ञान भी होता है। उन्होंने कहा कि आसाम प्राकृतिक सौदर्न्य वाला राज्य है। वहां के लोग सौम्य हैं। राज्यपाल ने बच्चों से राजस्थान की स्थापत्य कला को देखने के लिए कहा।

दल के प्रमुख मेजर स्टीफन ने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को बताया कि बीस विद्यार्थियों के इस दल को दिल्ली, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान का भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र श्री कोकुलुद्दीन व श्री राजू शेख ने लोक गीत प्रस्तुत किये।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेषक (जनसम्पर्क), राज्यपाल